गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 09.07.2014 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 09.07.2014 को दोपहर 12:00 बजे प्रशासनिक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

01.	डॉ0 एम.एस.के. खोखर, कुलपति	अध्यक्ष
02.	प्रो0 ए.के. सक्सेना	सदस्य
03.	प्रो0 प्रतिभा जे. मिश्रा	सदस्य
04.	प्रो0 एस.के. चतुर्वेदी	सदस्य
05.	प्रो0 जी.के. पात्रा	सदस्य
06.	प्रो0 एल.पी. पटैरिया	सदस्य
07.	प्रो0 शैलेन्द्र कुमार	सदस्य
08.	प्रो0 व्ही.एस. राठौड़	सदस्य
09.	डॉ0 मनीष श्रीवास्तव	सदस्य
10.	डॉ0 अनुपमा सक्सेना	सदस्य
11.	डॉ0 भारती अहिरवार	सदस्य
12.	प्रो0 एस.वी.एस. चौहान	सदस्य
13.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	विशेष आमंत्रित
14.	प्रो0 आई.डी. तिवारी, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

बैठक के प्रारंभ में कुलपति जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् बैठक प्रारम्भ हुई।

विषय क्र.-01. **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 19.04.2014 के कार्यवृत्त की संपुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 19.04.2014 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

विषय क्र.-02. **परियोजना कार्य (Project Work), लघुशोध प्रबंध (Dissertation) का मूलयांकन।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने अंकित किया कि विश्वविद्यालय में प्रचलित अध्यादेश के अनुसार विश्वविद्यालयीन समस्त परीक्षाओं में (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक) आंतरिक मूल्यांकन पद्धती लागू की गयी है। परियोजना कार्य व लघु शोघ प्रबंध आदि का मूल्यांकन विश्वविद्यालय की अन्य परीक्षाओं की भांति ही किये जायेंगे।

विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि परियोजना कार्य व लघु शोध प्रबंध आदि का मूल्यांकन प्रचलित अध्यादेश के प्रावधानानुसार किया जाय।

विषय क0-03. **Regarding Facilitating admission of deserving and eligible candidates facing financial constraint. (MODALITIES A PROPOSAL)**

विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि प्रस्तुत प्रकरण के संबंध में अजा/अजजा प्रकोष्ठ से परीक्षण कराकर प्रकरण आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

विषय क0-04. **श्री कुशल देव प्रताप सिंह, प्री-पीएच.डी. शोधार्थी पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग का परीक्षा परिणाम घोषित करने विषयक।**

विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि अध्यादेश के प्रावधानानुसार कार्यवाही किया जाय।

विषय क0-05. **विश्वविद्यालय में हिन्दी माध्यम से शिक्षा प्रदान करने के संबंध में विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने अंकित किया कि, मानव संसाधन विकास मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय में हिन्दी माध्यम से शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने संबंधी निदेर्श प्राप्त हुआ है। इस प्रकरण के संबंध में उचित कार्यवाही करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से भी पत्र प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय में वर्तमान में अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन कार्य हो रहा है और विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्यादेशों के संबंध में सुझाव प्रस्तुत करने हेतु समिति का गठन हुआ है।

विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण के संबंध में भी विचार कर अपना प्रतिवेदन यथाशीघ्र प्रस्तुत करने हेतु समिति को प्रकरण प्रेषित किया जाय। निर्णय से मानव संसाधन विकास मंत्रालय को अवगत कराया जाय।

विषय क0-06. **प्रवेश सूचना 2014-15 की अंतिम तिथि के परिवर्तन पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह अनुभव किया कि विश्वविद्यालय में संचालित 30 पाठ्यक्रमों हेतु निर्धारित संख्या में आवेदन नहीं आये है। अतः निर्णय लिया गया कि ऐसे पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को आगे बढाते हुये तिथि 15.07.2014 करते हुये दिनांक 15.07.2014 तक प्रवेश प्रदान किया जावे।

विषय क0-07. **विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों की सीट संख्या पर विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने निर्णय लिया कि सीट संखया यथावत् रखी जावे।

अध्यक्ष एव उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक सम्पन्न हुई।

कुलपति/अध्यक्ष **कुलसचिव (कार्यवाहक)**